# पूर्व से पश्चिम तक प्रलय का दहशत

**नई दिल्ली, 23 जुलाई. देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून पूरी तरह सक्रिय है और इसका असर अब जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है.**

असम में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और ब्रह्मपुत्र नदी के उफान पर होने से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. निचले इलाकों में पानी भरने से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं और राहत-बचाव अभियान जारी है. वहीं हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण लगातार भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की घटनाएं सामने आ रही हैं. कई प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केदारनाथ यात्रा तथा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई है. महाराष्ट्र में भी बारिश का असर व्यापक है. कई शहरों और जिलों में जलभराव तथा खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने स्कूल और कॉलेज बंद रखने का फैसला किया है. लगातार बारिश के कारण यातायात और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है. इसके अलावा गुजरात और मध्य प्रदेश के कई जिलों में भी भारी बारिश की संभावना बनी हुई है.

**महाराष्ट्र से असम तक बारिश का कहर**

**उत्तराखंड में 99 सड़कें बंद**



### असम में बाढ़ से 41 की मौत

देश के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश ने हालात चिंताजनक बना दिए हैं. असम सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में शामिल है, जहां बाढ़ और बारिश से अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है. अकेले पिछले 24 घंटों में 10 लोगों की जान जाने की खबर है. कई जिलों में नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे गांवों का संपर्क टूट गया है और हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है.

# मनीला में भारत-ओमान के बीच रणनीतिक संवाद

## खाड़ी संकट पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ओमान से की अहम बातचीत

**मनीला, 23 जुलाई.** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को मनीला में 'आसियान' से जुड़े कार्यक्रमों के दौरान ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की. इस बैठक में दोनों नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र के हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की. बैठक के बाद एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'मनीला में ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात करके खुशी हुई. हमने खाड़ी क्षेत्र के हालिया हालात पर अपने विचार साझा किए और आगे भी संपर्क में रहने पर सहमति बनी. यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब



अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है. इससे पहले दिन में जयशंकर ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन से भी मुलाकात की. उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड के रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिलने के बाद दोनों देशों के बीच नए क्षेत्रों में सहयोग के मौके बढ़े हैं. इनमें सेमीकंडक्टर, जल संसाधन, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्र शामिल हैं.

> जयशंकर ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया नीदरलैंड यात्रा के नतीजों पर विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन के साथ चर्चा हुई. रणनीतिक साझेदारी बनने के बाद सेमीकंडक्टर, जल संसाधन, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते खुले हैं. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के कार्यवाहक आयुक्त-जनरल क्रिश्चियन सॉन्डर्स से भी मुलाकात की.

### जयपुर मेट्रो फेज-2 का शुभारंभ

# आधुनिक परिवहन से बदलेगी तस्वीर

**जयपुर, 23 जुलाई। राजधानी जयपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जयपुर मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण का भूमि पूजन किया गया.**

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परियोजना को राजस्थान के विकास की दृष्टि से मील का पत्थर बताते हुए कहा कि राज्य सरकार आधुनिक और विश्वस्तरीय परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है.

### तेजी से विकसित हो रहा जयपुर : भजनलाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर तेजी से विकसित हो रहा शहर है और बढ़ती



आबादी के साथ बेहतर परिवहन व्यवस्था की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है. ऐसे में मेट्रो का दूसरा चरण राजधानी के यातायात दबाव को कम करने, यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने तथा लोगों का समय बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि मेट्रो विस्तार से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे आम नागरिकों के साथ व्यापार, पर्यटन और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा.

### दुबई पहुंची दशहरी-लंगड़ा आमों की नई खेप

**नई दिल्ली.** भारत के ताजे आम निर्यात क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। देश से 12.5 टन प्रीमियम दशहरी और लंगड़ा आमों को उत्तर प्रदेश के अमरोहा से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई तक सफलतापूर्वक निर्यात किया गया है. यह निर्यात 40 फुट के रेफ्रिजरेटर कंटेनर के माध्यम से समुद्री मार्ग से किया गया, जिसके लिए आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान, लखनऊ और कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से विकसित समुद्री मार्ग निर्यात प्रोटोकॉल का उपयोग किया गया.

# चंडीगढ़ और लुधियाना में पांच ठिकानों पर छापे

## स्मार्ट सिटी फंड घोटाले में सीबीआई का बड़ा एक्शन



**चंडीगढ़, 23 जुलाई. केंद्रीय जांच ब्यूरो ने चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड और चंडीगढ़ नगर निगम के बैंक खातों से कथित फंड हेराफेरी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ और लुधियाना में पांच स्थानों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई कथित तौर पर 504 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई.**

सीबीआई की छापेमारी उन लोगों और संस्थानों पर केंद्रित रही, जिन्हें जांच में कथित लाभार्थी माना जा रहा है. इनमें नगर निगम और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की रकम के कथित लाभार्थियों के आवास और कारोबारी ठिकाने, सीएससीएल के अधिकारी अनुभव मिश्रा का ठिकाना तथा जांच से जुड़े कुछ निजी संस्थानों के परिसर शामिल हैं.

> जांच एजेंसी ने तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं. यह मामला हरियाणा सरकार के अनुरोध पर हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से अपने हाथ में लिया गया था. आरोप है कि हरियाणा सरकार के आठ विभागों से जुड़े लगभग ?504 करोड़ फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट और फर्जी डेबिट लेनदेन के जरिए निकाले गए. इसके बाद इस धनराशि को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आगे ट्रांसफर किया गया, जिससे कथित हेराफेरी का दायरा और बड़ा हो गया. सीबीआई का कहना है कि जब्त किए गए दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### आज का इतिहास

1783- जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया.
1830- चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई.
1834- पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ.
1870- अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई.
1911- भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म.
1915- सेंट्रल शिकागो में एक स्टीमर ईस्टलैंड की वजह से 844 लोगों की जान गयी.
1937- प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म.

### एक नजर में



### समुद्री सुरक्षा में भारत की बढ़ी वैश्विक भागीदारी

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना के नेतृत्व में आयोजित 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' का गुरुवार को सफल समापन हो गया. 20 से 23 जुलाई तक कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसैनिक कमान में आयोजित इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में 27 देशों के 276 प्रतिभागियों, 76 प्रशिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों तथा चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया. इस दौरान कुल 3,800 प्रशिक्षण मानव-घंटे पूरे किए गए. अभ्यास का आयोजन भारतीय नौसेना के नेतृत्व वाले संयुक्त कार्यबल 154 और दक्षिणी नौसैनिक कमान के तत्वावधान में किया गया. इसका मुख्य उद्देश्य समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना, विभिन्न देशों की नौसेनाओं के बीच परिचालन समन्वय मजबूत करना तथा साझा समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने की क्षमता विकसित करना था. चार दिनों के प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को समुद्री क्षेत्र जागरूकता सूचना साझाकरण, समुद्री कानून, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने की रणनीति, बल सुरक्षा, समुद्र में असममित खतरों से निपटने के उपाय, मानव रहित समुद्री प्रणालियों और विभिन्न समुद्री अभियानों से जुड़े विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया.

# सरकार हर सवाल का जवाब देने तैयार

## भाजपाध्यक्ष ने कांग्रेस और अन्य विपक्ष दलों को नीट मुद्दे पर चर्चा करने की चुनौती दी

**नई दिल्ली 23 जुलाई. भाजपा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने कांग्रेस और अन्य विपक्ष दलों को नीट मुद्दे पर संसद में चर्चा करने की चुनौती देते हुए कहा है कि सरकार उनके हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है.**



श्री नवीन ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि जैसे ही वे सदन में आएंगे, देश की जनता और युवाओं के सामने उनका दोहरा चरित्र पूरी तरह से उजागर हो जाएगा. उन्होंने कहा, हम पूरे विपक्ष को खुली चुनौती देते हैं. आइए, सदन में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) समेत छात्रों और युवाओं से जुड़े हर मुद्दे पर खुली चर्चा करें. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार हर विषय पर बातचीत करने और हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी और विपक्ष का राजनीतिक इतिहास चर्चा से बचने का रहा है. इसीलिए, सदन में बहस का सामना करने के बजाय वे इससे भागते हैं.

### अराजकता फैलाना चाहते हैं राहुल गांधी



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा है कि सरकार नौजवानों के उज्जवल भविष्य के लिये समर्पित है, लेकिन विपक्ष का मकसद सार्थक चर्चा के जरिये समस्या का समाधान निकालना नहीं, बल्कि अराजकता फैलाना है. श्री प्रसाद ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले को लेकर फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने के सरकार के फैसले पर संसद भवन परिसर में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि श्री मोदी ने नौजवानों के भविष्य के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने और मामलों की जल्द सुनवाई करने की बात कही है क्योंकि सरकार नौजवानों के भविष्य के लिए समर्पित है. उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (श्री गांधी) संसद में बहस नहीं करना चाहते हैं. श्री गांधी बिना बताए धरने पर बैठ गए थे. वह गैर जिम्मेदाराना राजनीति करते हैं. उन्होंने कहा, हम सभी नौजवानों के प्रति समर्पित हैं. हम खुलकर चर्चा करने को तैयार हैं. हमें भी काफी कुछ कहना है लेकिन उनका काम अराजकता फैलाना है.

### उत्तराखंड के विवि में पेपर लीक से हड़कंप

**देहरादून.** उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में बीटेक तृतीय वर्ष द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए दो विषयों की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं. जांच में पुष्टि हुई कि 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स के लिए मशीन लर्निंग' विषय का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले कुछ छात्रों तक पहुंच गया था. इसके बाद 'विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र सिद्धांत' विषय की परीक्षा भी एहतियात के तौर पर निरस्त कर दी गई. विश्वविद्यालय को ई-मेल के माध्यम से प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना मिली थी. इसके बाद गठित जांच समिति ने पाया कि प्रश्नपत्र व्हाट्सएप और एक ऑनलाइन माध्यम के जरिए कुछ छात्रों तक साझा किया गया था. प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि लीक हुआ प्रश्नपत्र करीब 12 छात्रों तक ही पहुंचा था, लेकिन परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय ने पूरी परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया. जांच में मामला देहरादून स्थित शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से जुड़ा पाया गया. विश्वविद्यालय ने आरोपी सहायक प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता को दोषी मानते हुए अगले सात वर्षों तक परीक्षा संबंधी सभी कार्यों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है.

**बीटेक परीक्षा लीक से छात्रों में नाराजगी**

### छात्रों को आगे कर राजनीति कर रहा विपक्ष

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेपर लीक के मुद्दे को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है.



उन्होंने कहा कि विपक्ष छात्रों की वास्तविक समस्याओं के समाधान में रुचि नहीं रखता, बल्कि उन्हें आगे कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है. देहरादून में मीडिया से बातचीत के दौरान धामी ने कहा कि विपक्ष अपनी राजनीतिक जमीन खो चुका है और अब छात्रों को हथियार बनाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने की घोषणा का जोरदार समर्थन किया. उन्होंने कहा कि यह निर्णय करोड़ों छात्रों के भविष्य की रक्षा करने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है. इससे पेपर लीक जैसे संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा, दोषियों को शीघ्र और कठोर सजा मिलेगी तथा परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी. धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा.

# उपसभापति सचिन अहिर के घर 2.65 करोड़ की चोरी

**मुंबई, 23 जुलाई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के उपसभापति सचिन अहिर के मुंबई के वरली स्थित आवास में हुई 2.65 करोड़ रुपये की चोरी के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घरेलू कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस ने एक घरेलू कर्मचारी को किया गिरफ्तार**



गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण रमेश सोलंकी के रूप में हुई है, जो लंबे समय से घर में काम कर रहा था. मामले की जांच मुंबई अपराध शाखा कर रही है. पुलिस के अनुसार, चोरी की घटना के बाद तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी तक पहुंचा गया. प्रारंभिक जांच में पुलिस का दावा है कि आरोपी ने चोरी और चोरी की रकम के बंटवारे से संबंधित जानकारी दी है. हालांकि, इस मामले में अभी विस्तृत जांच जारी है और पुलिस अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच कर रही है. आरोपी के बचाव पक्ष ने पुलिस के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रवीण रमेश सोलंकी निर्दोष है और उसे झूठे मामले में फंसाया गया है.

# मृत्युंजय थामेंगे भाजपा का दामन!

## भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से चल रही बातचीत

**पटना, 23 जुलाई। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और लंबे समय तक पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने वाले मृत्युंजय तिवारी जल्द ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं.**

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत अंतिम दौर में है और सदस्यता ग्रहण करने की औपचारिक घोषणा जल्द की जा सकती है. हालांकि, दोनों दलों की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है.



> मृत्युंजय तिवारी ने 16 जुलाई को आरजेडी से इस्तीफा देते हुए पार्टी संगठन में अपनी लगातार उपेक्षा और कार्यशैली को लेकर असंतोष व्यक्त किया था. उन्होंने संकेत दिया था कि संगठन में उनकी भूमिका सीमित कर दी गई है और उनके सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था.

### हस्तियों के ट्वीट



देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि संसद सत्र के स्थगन के दौरान, हमने ओडिशा से अपनी पार्टी के सांसदों के साथ राज्य के विभिन्न विकास कार्यों और सीखने की अक्षमता से प्रभावित बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता पर चर्चा की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत, हमारा मुख्य लक्ष्य शुरुआती स्तर पर ही उन बच्चों की पहचान करना है जिन्हें सीखने-सिखाने में कठिनाई होती है, उन्हें सही तरीकों से पढ़ाना और उनके शैक्षिक परिणामों में सुधार लाना है.

इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि 'सार्वजनिक रोज़गार' शब्द के पीछे कुछ खास लोग छिपे हैं : रात्रिकालीन नर्स, आपके बच्चे की शिक्षिका, काउंटर पर काम करने वाला कर्मचारी.



# भरत तिवारी केस में हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

## सीसीटीवी, सीडीआर और पोस्टमार्टम रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए

**पटना, 23 जुलाई.** बिहार के बहुचर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पटना हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए बिहार सरकार को तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है.

अदालत ने स्पष्ट किया कि सरकार निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पक्ष अदालत के समक्ष प्रस्तुत करे, ताकि मामले की सुनवाई निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ सके. हाईकोर्ट ने इस मामले से जुड़े सभी महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए हैं. अदालत ने कहा कि जांच के दौरान किसी भी साक्ष्य को नष्ट,



प्रभावित या उसके साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए. न्यायालय के अनुसार संवेदनशील मामलों में साक्ष्यों का संरक्षण निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है. कोर्ट ने विशेष रूप से घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, स्टेशन डायरी, वायरलेस लॉग, पुलिसकर्मियों के बॉडी कैमरा फुटेज, पोस्टमार्टम रिकॉर्ड तथा अन्य उपलब्ध दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है.


> अदालत का मानना है कि इन रिकॉर्डों के आधार पर ही मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सकती है. पटना हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त 2026 को तय की है. भरत तिवारी की ओर से पैरवी कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वर्षा सिंह ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह मामले की पहली सुनवाई थी और अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं.

**जनसभा** | **आस्था और सुरक्षा पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा**

# जो आस्था पर प्रहार करते थे, आज आस्थावान बने : योगी

**लखनऊ, 23 जुलाई. गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ?995 करोड़ से अधिक लागत की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया.**

इस अवसर पर आयोजित जनसभा में उन्होंने विपक्ष पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग कभी आस्था और धार्मिक परंपराओं पर प्रहार करते थे, वही आज खुद को आस्थावान बताकर जनता के बीच जाने की कोशिश कर रहे हैं. योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले त्योहारों के दौरान दंगे और अराजकता आम बात थी. उन्होंने आरोप लगाया कि होली और दुर्गापूजा जैसे पर्वों से पहले तनाव का माहौल बनाया जाता था, जबकि जन्माष्टमी और कांवड़ यात्रा भी बाधित होती थी. योगी ने दावा किया कि उनकी सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था



में व्यापक सुधार हुआ और आज प्रदेश में त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाते हैं. योगी ने राम मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक भगवान राम के अस्तित्व और आस्था पर सवाल उठाए, आज वही बदलते राजनीतिक माहौल में खुद को आस्थावान दिखाने का प्रयास कर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और सच तथा दिखावे के बीच अंतर समझती है. मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारना है. उन्होंने कहा कि गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है. 995 करोड़ से अधिक की इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी.

### पैसे के अभाव में इलाज नहीं रुकेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार हर व्यक्ति की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार जरूरतमंदों को हरसंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी. साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की.